महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के कर्मचारियों को अदा किया गया मकान किराया भत्ता

4194. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के कर्मचारियों को मकान किराये भत्ते की कुल कितनी धनराशि का भुगतान किया गया ;

(ख) क्या यह सच है कि उन्हें मकान किराए भत्ते का भुगतान इसलिए किया जा रहा है क्योंकि उन्हें मकान उपलब्ध नहीं कराया जा सका है, और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) से (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है और इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

महानगर टेलीफ़ोन निगम लिमिटेड, दिल्ली द्वारा सरकारी आवास का आवंटन

4195. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली टेलीफोन प्राथमिकता के आधार पर अपने उन कर्मचारियों को आवास आबंटित नहीं करता है जिन्हें सामान्य पूल द्वारा प्राथमिकता के आधार पर आवास आवंटित किये गए थे और जो अब दिल्ली टेलीफोन के कार्यालयों में कार्य कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो पिछले दो/तीन वर्षों का ब्यौरा क्या है और कितने मामलों को अस्वीकृत कर दिया गया था और किन किन कारण से ;

(ग) क्या ऐसे नियम हैं जिनके तहत पर उन्हें अस्वीकृत किया गया था अथवा अधिकारियों ने उन्हें मनमाने ढंग से अस्वीकृत कर दिया था, और

(घ) यदि मनमाने ढंग से अस्वीकृत किया गया था तो ऐसे अधिकारी के खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है और क्या सरकार इस सम्बन्ध में नियम बनाने का विचार रखती है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू) : (क) जब कोई कर्मचारी दिल्ली टेलीफोन में कार्यभार ग्रहण करता है तो महानगर टेलीफोन निगम लिए पूल से उसे प्राथमिकता के आधार पर वैकल्पिक आवास आवंटित किया जाता है बशर्ते कि आवास उपलब्ध हों और वह पहले से सामान्य पूल के सरकारी क्वार्टर में नियमित रूप से रह रहा है ।

(ख) उपर्युक्त भाग (क) में उल्लिखित इस प्रकार का कोई मामला रद्द नहीं किया गया है ।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता ।

डाक और दूरसंचार के कर्मचारियों के लिए मकानों के निर्माण के लिए लक्ष्य

4196. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डाक और दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों के लिए मकानों के निर्माण का कार्य असंतोषप्रद ढंग से किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां तो इस तरह बनाई गई स्कीम में पिछले 20 वर्षों के दौरान मकानों के निर्माण के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया था ;

(ग) अब तक कितने मकानों का निर्माण किया जा चुका है ;